अमर उजाला 17/01/2026

पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला का समापन हो गया। यह कार्यशाला मिशन ग्रीन एवं लीप के सहयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास विषय पर करवाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य युवाओं को वर्मी-कम्पोस्टिंग, ठोस-तरल-प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन और वर्षा जल संचयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने किया। उन्होंने मुंबई से पहुंचे शुभजीत मुखर्जी का पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यशाला के पहले सत्र में पर्यावरणविद शुभजीत मुखर्जी ने विशेषज्ञ व्याख्यान में वर्मी-कम्पोस्टिंग, ठोस-तरल-प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, वर्षा जल संचयन से जुड़े व्यावहारिक उपायों पर प्रकाश डाला। पर्यावरणविद शाहिन शर्मा ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। संवाद